# अपनी बात

अंक : 501 वर्ष 40 — सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका — राँची, 29 फरवरी, 2016


## विशेष सचिव (कोल) ने सीसीएल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की




समीक्षा बैठक में श्री ए.के. दुबे, श्री एस. भट्टाचार्या, श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

विगत 08 फरवरी को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के विशेष सचिव (कोल) डॉ. ए.के. दुबे ने मुख्यालय राँची के "कोयला कक्ष" में आयोजित एक बैठक में सीसीएल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की। बैठक में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री एस. भट्टाचार्य, सी.सी.एल. सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह, कोल इंडिया निदेशक (तकनीकी), श्री एन. कुमार तथा निदेशक (मार्केटिंग) श्री एस.एन. प्रसाद, सी.सी.एल. के निदेशकगण, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी, मुख्यालय तथा क्षेत्रों के महाप्रबंधक उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में डॉ. ए.के. दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि सी.सी.एल. पिछले दो–तीन वर्षों से लगातार बेहतर से बेहतर कार्यनिष्पादन कर रहा है और इसके साथ–साथ कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी तत्परता के साथ कर रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी को सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए प्रेरित किया। श्री दुबे ने कहा कि हमारी यह मान्यता है कि सी.सी.एल. में कार्य करने का अनुभव मायने रखता है और यही एक कारण है कि यहाँ के 12 महाप्रबंधकों का चयन सीएमडी/निदेशक के रूप में विभिन्न कंपनियों में हुआ है।

कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री एस भट्टाचार्य ने कहा कि सी.सी.एल. का मिशन जो मानवता के साथ–साथ कोयला उत्पादन करना है, उसे चालू रखें और लोगों का सशक्तिकरण करते रहें तभी सी.सी.एल. के साथ कोल इंडिया भी प्रगति के पथ पर सतत् अग्रसर रहेगा। उन्होंने कहा कि अपनी कार्यशैली के कारण सी.सी.एल. कोल इंडिया के केंद्र बिन्दु पर है।

सीएमडी, सी.सी.एल. श्री गोपाल सिंह ने कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओ.बी. रिमूवल, कोयला स्टॉक, पर्यावरण, वाशरी सहित अन्य बिन्दुओं के विषय पर पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तार से विशेष सचिव (कोल) डॉ. ए.के. दुबे तथा अध्यक्ष, कोल इंडिया को जानकारी दी। श्री सिंह ने बताया कि सी.सी.एल. का वर्ष 2015–16 में 60.6 मिलियन टन कोयला उत्पादन और 60.6 मिलियन टन के कोयला प्रेषण का लक्ष्य है। सी.सी.एल. वर्ष 2019–20 तक कोल इंडिया के 01 बिलियन टन कोयला उत्पादन तथा प्रेषण योजना की प्राप्ति हेतु अपना योगदान देने के लिए दृढ़संकल्पित है।

कोल इंडिया के निदेशक (तकनीकी) श्री एन. कुमार एवं निदेशक (मार्केटिंग) श्री एस.एन. प्रसाद ने भी सी.सी.एल. के बेहतर कार्यनिष्पादन की प्रशंसा की।



प्रार्थना सभा में श्री ए के दुबे, श्री एस भट्टाचार्या, श्री गोपाल सिंह, श्री एन कुमार, श्री एस एन प्रसाद, श्री पी के तिवारी, श्री सुबीर चन्द्रा, श्री अरबिन्द प्रसाद एवं अन्य

समीक्षा बैठक के पूर्व 10.00 बजे "प्रार्थना सभा" में विशेष सचिव (कोल) डॉ. ए.के. दुबे, कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री एस. भट्टाचार्य, सी.सी.एल. सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह, कोल इंडिया निदेशक (तकनीकी), श्री एन. कुमार तथा निदेशक (मार्केटिंग) श्री एस.एन. प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगण एवं मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद ने सी.सी.एल. कर्मियों के साथ भाग लिया और सी.सी.एल. के श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के साथ–साथ निगमित समाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) की सराहना की।

## "एक्सलेंस इन सी.एस.आर." अवार्ड



निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं अन्य अधिकारीगण अवार्ड के साथ

विगत 15 से 17 फरवरी तक मुंबई में आयोजित एबीपी न्यूज द्वारा एच.आर. एंड लीडरशिप अवार्ड्स–2016 का आयोजन किया गया। समारोह में माननीय केंद्रीय मंत्री (परिवहन) श्री नितिन गडकरी ने सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान सी.सी.एल. को उसके उत्कृष्ट सी.एस.आर. कार्यों के लिए "एक्सलेंस इन सी.एस.आर. अवार्ड" से सम्मानित किया। अवार्ड श्री नवनीत कुमार, व. प्र. (का.) एवं श्री निशांत रोहिला सहा. प्र. (का) ने ग्रहण किया। निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने इस अप्रतिम उपलब्धि के लिए कर्मियों के साथ–साथ सी.सी.एल. वृहद परिवार को भी बधाई दी।

## अंतर श्रेत्रीय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता

विगत 8 फरवरी को सीसीएल के एन.के. क्षेत्र में सम्पन्न "सीसीएल अंतर क्षेत्रीय टी–20 2015–16 क्रिकेट प्रतियोगिता" में सीसीएल मुख्यालय की टीम ने मेजबान टीम एन. के. डकरा को हराकर चैम्पियनशिप ट्राफी जीती। समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरबिन्द प्रसाद, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी ने मुख्यालय के अरूण नायक को मैन ऑफ द सिरीज पुरस्कार प्रदान किया एवं विजयी टीम को शुभकामनाएं दी।



मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद पुरस्कार प्रदान करते हुए

## तीन दिवसीय "कोल इंडिया सीएमई"




कोल इंडिया सीएमई में सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं देश के प्रख्यात चिकित्सकगण

सीसीएल और आईआईसीएम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय (25 फरवरी–27फरवरी) कोल इंडिया सीएमई 2016" का 25 फरवरी को आईआईसीएम में शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में सीसीएल सहित कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के चिकित्सकों ने भाग लिया।

25 फरवरी को मुख्य अतिथि, सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री आर एस महापात्र ने दीप प्रज्जवलित कर औपचारिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेडिका अस्पताल समूह (कोलकाता) के अध्यक्ष, डॉ आलोक राय, आईआईसीएम के ईडी, डॉ सतेन्द्र किशोर, एवं अन्य उपस्थित थे।

सत्र के दूसरे दिन सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने आयोजकों को इस तीन दिवसीय सत्र के आयोजन के लिए बधाई दी एवं इस सत्र को प्रत्येक वर्ष करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीसीएल बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं देने के लिए कृतसंकल्पित है और इस सीएमई के माध्यम से चिकित्सक अपना ज्ञानवर्धन कर रहे हैं जिससे लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा दी जा सकेगी।

पदमश्री डॉ रणदीप गुलेरिया ने "सीओपीडी एवं अस्थमा" के प्रबंधन पर एक पॉवर प्रजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित चिकित्सकों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं चिकित्सकों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनका ज्ञानवर्धन किया।

## 290 दिव्यांग की निःशुल्क स्क्रीनिंग

विगत 23 फरवरी, 2016 को "गांधीनगर क्लब" में निःशुल्क "दिव्यांग शिविर" का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क शिविर में National Institute of Orthopaedic Handicapped, कोलकता के विशेषज्ञ डॉ. सुब्रत गुप्ता द्वारा 130 अस्थि रोग से ग्रसित दिव्यांग की स्क्रीनिंग की गई। तदोपरांत स्क्रीनिंग के आधार पर दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग का वितरण किया गया। इस शिविर में सी.सी.एल. के विभिन्न क्षेत्रों के साथ–साथ झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों ने निःशुल्क स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के सीएमएस तथा जन–आरोग्य केंद्र के प्रभारी, डॉ. सी.पी. धान, डॉ. तबरेज (नईसराय अस्पताल) एवं गांधीनगर अस्पताल के अन्य डॉक्टरों के साथ–साथ सी.सी.एल. मुख्यालय से महाप्रबंधक (सी.एस.आर.) श्री. जे. तिवारी, श्री आलोक गुप्ता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## डॉ. आर.के.झा. सम्मानित

सी.सी.एल. केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के सी.एम.एस./ विभागाध्यक्ष (ई.एन.टी.) के डॉ. आर.के. झा को 28 जनवरी से 31 जनवरी तक गुड़गांव में आयोजित "अखिल भारतीय ई.एन.टी. सम्मेलन" में श्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन में डॉ. झा को स्मृति चिन्ह् एवं सर्टिफिकेट ऑफ एक्सलेंस प्रदान किया गया तथा अवसर विशेष पर उन्हें संचालक मंडल (गवर्निंग बॉडी) में झारखंड का प्रतिनिधि भी चुना गया।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)